PTI gr. II - 2011
Paper - I

प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

विषय / Subject :

PT21 GR-II

Paper-I

कोड / Code : **01**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या /
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या /
Number of Questions in Booklet : 100

105901

**PT** Paper-I
**21** **A** बुकलेट सीरीज
विषय कोड
**01**

समय / Time : 2 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 200

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. 1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer. (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
7. The candidate should ensure that Series Code of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. 5 marks will be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

*Warning :* If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है ।
6. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
7. प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही सीरीज अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न-पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से अनिवार्य रूप से काटे जाएंगे।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 Which amongst the following pair is not correct about the river flowing in Rajasthan and its associated drainage area ?

| | *River* | *Drainage Area* |
|---|---|---|
| (1) | Kalisindh | Jhalawad |
| (2) | Parvati | Banswara |
| (3) | Mahi | Dungarpur |
| (4) | Luni | Jodhpur |

राजस्थान में बहने वाली नदी एवं उसके सम्बद्ध प्रवाह क्षेत्र के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही नहीं है ?

| | *नदी* | *प्रवाह क्षेत्र* |
|---|---|---|
| (1) | कालीसिंध | झालावाड़ |
| (2) | पार्वती | बाँसवाड़ा |
| (3) | माही | डूंगरपुर |
| (4) | लूनी | जोधपुर |

2 In which of the following districts the largest forest area of Rajasthan is located ?

(1) Bharatpur and Dholpur
(2) Sawai Madhopur and Karauli
(3) Bhilwada and Chittorgarh
(4) Udaipur and Rajasamand

राजस्थान का सबसे बड़ा वन–क्षेत्र किन जिलों में स्थित है ?

(1) भरतपुर एवं धौलपुर
(2) सवाई माधोपुर एवं करौली
(3) भीलवाड़ा एवं चितौड
(4) उदयपुर एवं राजसमन्द

3 From which ancient region of Rajasthan rock paintings have been discovered ?

(1) Bairath (2) Ahad
(3) Kalibangan (4) Ganeshwar

राजस्थान के किस प्राचीन क्षेत्र से शैल चित्रकला के प्रमाण मिले हैं ?

(1) बैराठ (2) आहड़
(3) कालीबंगा (4) गणेश्वर

4 Match the following fairs and the places where they are organized :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Jeen Mata | (1) | Sawai Madhopur |
| (B) | Bhartrihari | (2) | Bikaner |
| (C) | Karni Mata | (3) | Alwar |
| (D) | Ganesh | (4) | Sikar |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (2) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (3) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (4) | (4) | (3) | (2) | (1) |

निम्नलिखित मेलों एवं उनके आयोजन स्थलों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | जीणमाता | (1) | सवाई माधोपुर |
| (B) | भर्तृहरि | (2) | बीकानेर |
| (C) | करणीमाता | (3) | अलवर |
| (D) | गणेश | (4) | सीकर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (2) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (3) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (4) | (4) | (3) | (2) | (1) |

5 To which age does Ganeshwar culture belong ?

(1) Harappan Age
(2) Iron Age
(3) Chalcolithic Age
(4) Palaeolithic Age

गणेश्वर सभ्यता किस काल से सम्बन्धित है ?

(1) हड़प्पा काल
(2) लौह युग
(3) ताम्रपाषाण युग
(4) पुरापाषण काल

6 The astronomer of the Gupta period who comes from Bhinmal :

(1) Varahamihir (2) Brahmagupta
(3) Aryabhatta (4) Sushruta

गुप्तकाल का खगोलशास्त्री जो भीनमाल का रहने वाला था :

(1) वराहमिहिर (2) ब्रह्मगुप्त
(3) आर्यभट्ट (4) सुश्रुत

7 Bhoja (Mihir-Bhoja) was the ruler of which dynasty ?

(1) Gurjar-Pratihar
(2) Chahamana
(3) Paramar
(4) Guhil

भोज (मिहिरभोज) किस वंश का शासक था ?

(1) गुर्जर–प्रतिहार
(2) चाहमान
(3) परमार
(4) गुहिल

8 Which amongst the following source does not provide information about the Chahamanas ?

(1) Prithvirajavijaya
(2) Prithviraj-Raso
(3) Bijolia Inscription
(4) Ghatiyala Inscription

निम्नलिखित में से कौन-सा स्रोत चाहमान काल के इतिहास की जानकारी नहीं देता है ?

(1) पृथ्वीराजविजय
(2) पृथ्वीराजरासो
(3) बिजोलिया अभिलेख
(4) घटियाला अभिलेख

9 Who was the ruler of Ranthambor during the invasion of Alauddin Khilji ?

(1) Ratan Singh
(2) Hammir
(3) Kanhadade
(4) Maladev

अलाउद्दीन खिलजी के रणथम्भौर पर आक्रमण के समय वहाँ का शासक कौन था ?

(1) रतनसिंह
(2) हम्मीर
(3) कान्हड़दे
(4) मालदेव

10 Who formed the 'Marwar Hitkarini Sabha' ?

(1) Manikyalal Verma
(2) Vijai Singh Pathik
(3) Chand Mal Surana
(4) Abhaya Mal Jain

'मारवाड़ हितकारिणी सभा' का गठन किसने किया था ?

(1) माणिक्यलाल वर्मा
(2) विजयसिंह पथिक
(3) चांदमल सुराणा
(4) अभयमल जैन

11 Which amongst the following is called as 'the Khajuraho of Rajasthan' ?

(1) Delwara (2) Osian

(3) Menal (4) Kiradu

निम्नलिखित में से किसे 'राजस्थान का खजुराहो' कहा जाता है?

(1) देलवाड़ा (2) ओसियां

(3) मेनाल (4) किराडू

12 Which amongst the following statement is not correct ?

(1) Sapadalaksha is believed to be the original home of the Chahamanas.

(2) Vigraharaja IV constructed the Taragarh Fort.

(3) Ahichchatrapur (Nagaur) was the earliest capital of Chauhans.

(4) Prithviraj III was the last ruler of Chahamana dynasty.

निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है?

(1) सपादलक्ष चौहानों का मूल स्थान माना जाता है ।

(2) विग्रहराज चतुर्थ ने तारागढ़ का निर्माण कराया था ।

(3) आहेच्छत्रपुर (नागौर) चौहानों की प्राचीनतम राजधानी थी ।

(4) पृथ्वीराज तृतीय चाहमान वंश का अंतिम शासक था ।

13 Which of the following dialects is not included amongst Rajasthani dialects ?

(1) Mewati (2) Ahirwati

(3) Brij (4) Bagadi

निम्नलिखित में से कौन–सी बोली राजस्थानी बोलियों के अन्तर्गत नहीं गिनी जाती?

(1) मेवाती (2) अहीरवाटी

(3) ब्रज (4) बागड़ी

14 Which of the following sects is not a <u>nirgun</u> Bhakti sect ?

(1) Dadu-panthi (2) Ramdasi

(3) Niranjani (4) Jasanathi

निम्नलिखित में से कौन–सा संप्रदाय निर्गुण भक्ति संप्रदाय नहीं है?

(1) दादूपंथी (2) रामदासी

(3) निरंजनी (4) जसनाथी

15 Which of the following instruments is not a 'Tat Vadya' (string instrument) ?

(1) Ravanahattha (2) Algoja

(3) Jantar (4) Rumayacha

निम्नलिखित में से कौन–सा वाद्य 'तत वाद्य' नहीं है?

(1) रावणहत्था (2) अलगोजा

(3) जंतर (4) रूमायचा

16 Which of the following fair is organized in Kolayat, Bikaner ?

(1) Kapil Muni ka Mela (2) Karni Mata ka Mela

(3) Tejaji ka Mela (4) Jeen Mata ka Mela

निम्नलिखित में से किसी मेले का आयोजन कोलायत, बीकानेर में होता है?

(1) कपिल मुनि का मेला (2) करणी माता का मेला

(3) तेजाजी का मेला (4) जीणमाता का मेला

17 Which festival is celebrated nearly a fortnight after Holi ?

(1) Teej (2) Hindol

(3) Gangaur (4) Ghudla

होली के लगभग पन्द्रह दिन बाद कौन–सा त्योहार मनाया जाता है?

(1) तीज (2) हिण्डोल

(3) गणगौर (4) घुड़ला

18 Which folk deity is worshipped as the protector of the cow ?

(1) Pabuji (2) Tejaji

(3) Ramdevji (4) Muriya Baba

किस लोकदेवता की पूजा गौ–रक्षक के रूप में की जाती है ?

(1) पाबूजी (2) तेजाजी

(3) रामदेवजी (4) मुरिया बाबा

nent) ?

19 In which fort is 'Katargarh' located ?

(1) Kumbhalgarh (2) Chittorgarh

(3) Mehrangarh (4) Taragarh

'कटारगढ़' किस दुर्ग में अवस्थित है ?

(1) कुंभलगढ़ (2) चितौडगढ़

(3) मेहरानगढ़ (4) तारागढ़

20 Which amongst is not the correct pair ?

(1) Sun Temple : Osian

(2) Someshwar Temple : Kiradu

(3) Ghateshwar Temple : Baroli

(4) Jagat Shiromani Temple : Udaipur

निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही नहीं है ?

(1) सूर्य मंदिर : ओसियां

(2) सोमेश्वर मंदिर : किराडू

(3) घाटेश्वर मंदिर : बाडोली

(4) जगत शिरोमणि मंदिर : उदयपुर

21 Which weekly paper was published from Ajmer by Rajasthan Seva Sangh for political awakening ?

(1) Navin Rajasthan (2) Young Rajasthan

(3) Rajasthan Kesari (4) Tyagabhumi

राजस्थान सेवा संघ ने राजनीतिक जागरण के लिए अजमेर से किस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया था ?

(1) नवीन राजस्थान (2) यंग राजस्थान

(3) राजस्थान केसरी (4) त्यागभूमि

22 The war of Giri-Sumel was fought between which parties ?

(1) Maldeo - Akbar (2) Maldeo - Aurangzeb

(3) Maldeo - Udai Singh (4) Maldeo - Sher Shah

गिरि–सुमेल का युद्ध किनके मध्य लड़ा गया था ?

(1) मालदेव – अकबर (2) मालदेव – औरंगजेब

(3) मालदेव – उदयसिंह (4) मालदेव – शेरशाह

23 Identify the incorrect pair amongst the following :

(1) Marwar Movement : Pandit Nenu Ram

(2) Bijolia Movement : Vijai Singh Pathik

(3) Begun Movement : Ram Narayan Chaudhary

(4) Bikaner Peasant Movement : Kumbharam Arya

निम्नलिखित में से गलत युग्म को पहचानिए

(1) मारवाड़ आंदोलन : पं. नेनूराम

(2) बिजोलिया आंदोलन : विजयसिंह पथिक

(3) बेगू आंदोलन : रामनारायण चौधरी

(4) बीकानेर किसान आंदोलन : कुंभाराम आर्य

24 In which district is located the highest mountain of the Aravalli ranges ?

(1) Udaipur (2) Sirohi

(3) Dungarpur (4) Jhalawar

अरावली पर्वत–शृंखला का सबसे ऊँचा पर्वत किस जिले में स्थित है ?

(1) उदयपुर (2) सिरोही

(3) डूंगरपुर (4) झालावाड़

25 Who was the author of Lalit-Vigraha-Raj' ?

(1) Raj Shekhar (2) Jayanak

(3) Somdev (4) Bisaldev

'ललित विग्रहराज' का लेखक कौन था ?

(1) राजशेखर (2) जयानक

(3) सोमदेव (4) बीसलदेव

26 In which of the following tribes 'Balar' folk dance is popular ?

(1) Garasia (2) Saharia

(3) Bhil (4) Meena

निम्नलिखित में से किस जनजाति में 'बालर' लोकनृत्य प्रचलित है ?

(1) गरासिया (2) सहरिया

(3) भील (4) मीणा

27 In which of the following districts 'Godwadi' dielect is spoken ?

(1) Jaisalmer (2) Jalor

(3) Dungarpur (4) Ajmer

निम्नलिखित में से किस जिले में 'गोडवाडी' बोली बोली जाती है ?

(1) जैसलमेर (2) जालोर

(3) डूंगरपुर (4) अजमेर

28 On which of the following rivers Meza Dam is constructed ?

(1) Kothari (2) Parvati

(3) Khari (4) Chambal

निम्नलिखित में से किस नदी पर मेजा बाँध का निर्माण हुआ है?

(1) कोठारी (2) पार्वती

(3) खारी (4) चम्बल

29 In which city of Rajasthan the famous enamel jewellery is made ?

(1) Jodhpur (2) Bharatpur

(3) Jaipur (4) Udaipur

राजस्थान के किस नगर में प्रसिद्ध मीनाकारी गहने बनाए जाते है ?

(1) जोधपुर (2) भरतपुर

(3) जयपुर (4) उदयपुर

30 Which caste amongst the following is not a scheduled caste ?

(1) Nat (2) Ganwaria

(3) Garasia (4) Bediya

निम्नलिखित में से कौन–सी जाति अनुसूचित जाति नहीं है?

(1) नट (2) गंवारिया

(3) गरासिया (4) बेड़िया

31 Which of the following statements about Kishangarh style of paintings is not correct ?

(1) Human figures are relatively long and slender.

(2) The theme is predominantly Krishna lila.

(3) The background is predominantly green.

(4) Ruknuddin was one of the great painters of this style.

किशनगढ़ चित्रशैली के विषय में कौन–सा कथन असत्य है?

(1) मानव आकृतियाँ अपेक्षाकृत लम्बी व पतली होती है ।

(2) विषय वस्तु मुख्यतः कृष्णलीला है ।

(3) चित्रों की पृष्ठभूमि में हरे रंग का आधिक्य ।

(4) रुकनुद्दीन इस शैली का प्रमुख चित्रकार था ।

32 Identify the incorrect pair amongst the following :

(1) Vansh Bhaskar : Hem Ratna

(2) Kanhaddeprabandha : Padmanabh

(3) Vir-Vinod : Shyamal Das

(4) Hammira-Kavya : Nayanchandra Suri

निम्नलिखित में से गलत युग्म की पहचान कीजिए :

(1) वंश भास्कर : हेमरत्न

(2) कान्हडदे प्रबन्ध : प्रद्मनाभ

(3) वीर विनोद : श्यामलदास

(4) हम्मीर काव्य : नयनचन्द्र सूरी

33 In which of the following group-dances only women participate ?

(1) Dandia (2) Gharba

(3) Tali dance (4) Gera dance

निम्नलिखित नृत्यों में से किस नृत्य में केवल स्त्रियाँ भाग लेती हैं?

(1) डांडिया (2) गरबा

(3) ताली नृत्य (4) गेर नृत्य

ngs is

34 Which amongst the following forts may be included in the category of 'jala-durga' (water-fort) ?

(1) Gagron Fort (2) Jaisalmer Fort
(3) Chittorgarh Fort (4) Achalgarh Fort

निम्नलिखित में से कौन–सा दुर्ग 'जल दुर्ग' की श्रेणी में रखा जा सकता है ?

(1) गागरोण दुर्ग (2) जैसलमेर दुर्ग
(3) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (4) अचलगढ़ दुर्ग

35 The longest river which flows entirely in Rajasthan state is :

(1) Luni (2) Chambal
(3) Mahi (4) Banas

राजस्थान राज्य में ही पूर्णतः बहनेवाली सबसे लम्बी नदी है :

(1) लूनी (2) चम्बल
(3) माही (4) बनास

36 Who has the power to act in his discretion ?

(1) Attorney General (2) Vice-President
(3) Prime Minister (4) Governor

किसे अपने 'स्वविवेकानुसार' कार्य करने की शक्ति प्राप्त है?

(1) महान्यायवादी को (2) उप–राष्ट्रपति को
(3) प्रधानमंत्री को (4) राज्यपाल को

37 How many ministers, including the Chief Minister, there may be at the most in proportion to the total membership of the Vidhan Sabha of Rajasthan ?

(1) 10 percent (2) 15 percent
(3) 20 percent (4) 25 percent

राजस्थान के मन्त्रिपरिषद् में मुख्यमंत्री सहित विधान सभा की कुल सदस्य संख्या के अधिक से अधिक कितने प्रतिशत सदस्य हो सकते हैं ?

(1) 10 प्रतिशत (2) 15 प्रतिशत
(3) 20 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

ıtd...

38 If a member of the Council of Ministers is not a member of the Legislative Assembly at the time of his appointment, then within what period, he must have it ?

(1) 3 months (2) 6 months

(3) 9 months (4) One year

यदि मन्त्रिपरिषद् का कोई सदस्य अपनी नियुक्ति के समय विधायक नहीं है, तो उसे कितनी अवधि के भीतर सदन की सदस्यता प्राप्त करना जरूरी है ?

(1) तीन महीने (2) छः महीने

(3) नौ महीने (4) एक वर्ष

39 How many members can there be in the State Human Rights Commission, excluding the Chairman ?

(1) 2 (2) 3

(3) 4 (4) 5

राज्य के मानव अधिकार आयोग में अध्यक्ष के अलावा अन्य कितने सदस्यगण हो सकते हैं ?

(1) 2 (2) 3

(3) 4 (4) 5

40 Of which service a senior member may be appointed as the Chief Secretary of State Government ?

(1) Indian Administrative Service

(2) Indian Police Service

(3) Indian Revenue Service

(4) Rajasthan Administrative Service

किस सेवा के वरिष्ठ सदस्य को राज्य सरकार में मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त किया जा सकता है ?

(1) भारतीय प्रशासनिक सेवा

(2) भारतीय पुलिस सेवा

(3) भारतीय राजस्व सेवा

(4) राजस्थान प्रशासनिक सेवा

41 A national woman discus throw champion of India from Rajasthan is :

(1) Krishna Poonia (2) K. Mridula

(3) Kaur Amardeep (4) Kaur Gurmeet

भारत की 'डिस्कस थ्रो की राष्ट्रीय महिला विजेता जो राजस्थान से है :

(1) कृष्णा पूनिया (2) के. मृदुला

(3) कौर अमरदीप (4) कौर गुरमीत

42 Who was the chief guest of 10th Pravasi Bhartiya Divas held at Jaipur in 2012 ?

(1) Smt. Pratibha Patil

(2) He Ms Kamla Prasad Bissasser, Prime Minister of Trinidad and Tobago

(3) Smt Vasundhara Raje

(4) Smt Kamla Beniwal

वर्ष 2012 में जयपुर में आयोजित 10वें भारतीय प्रवासी दिवस की मुख्य अतिथि कौन थी ?

(1) श्रीमती प्रतिभा पाटील

(2) महामहिम कमला प्रसाद बिस्सेसर, प्रधानमंत्री त्रिनिदाद एवं टोबेगो

(3) वसुन्धरा राजे

(4) श्रीमती कमला बेनीवाल

43 Who is the present Minister for higher education in Rajasthan ?

(1) Dr. Jitendra Singh (2) Sri Ghanshyam Tiwari

(3) Sri Dayasingh Parmar (4) Sri Brij Kishore Sharma

वर्तमान में राजस्थान के उच्चशिक्षा मंत्री कौन हैं ?

(1) डा. जितेन्द्र सिंह (2) श्री घनश्याम तिवाड़ी

(3) श्री दयासिंह परमार (4) श्री ब्रजकिशोर शर्मा

44 Who is the first Police Commissioner of Jaipur ?

(1) Rohit Mahajan (2) B.L. Jhala

(3) B.L. Soni (4) Navin Tiwari

जयपुर के प्रथम पुलिस आयुक्त कौन है?

(1) रोहित महाजन (2) बी. एल. झाला

(3) बी. एल. सोनी (4) नवीन तिवारी

45 Who is the leader of opposition in the Legislative Assembly of Rajasthan ?

(1) Ghanshyam Tiwari (2) Vasundhara Raje

(3) Gulab Chand Kataria (4) Rajendra Singh Rathaur

राजस्थान विधानसभा में विपक्ष का नेता कौन है?

(1) घनश्याम तिवाड़ी (2) वसुन्धरा राजे

(3) गुलाब चन्द कटारिया (4) राजेन्द्र सिंह राठौड़

46 The river in Rajasthan which flows from south to north is :

(1) Banas (2) Chambal

(3) Gomati (4) Luni

राजस्थान की वह नदी जो दक्षिण से उत्तर की ओर बहती है :

(1) बनास (2) चम्बल

(3) गोमती (4) लूणी

47 Rajasthan divas is celebrated on :

(1) 30 March (2) 31 March

(3) 9 January (4) 7 January

राजस्थान दिवस मनाया जाता है :

(1) 30 मार्च को (2) 31 मार्च को

(3) 9 जनवरी को (4) 7 जनवरी को

48 Who is present chairperson of Rajasthan women commission ?

(1) Tara Bhandari (2) Mamta Sharma

(3) Yasmeen Abrar (4) Lad Kumari Jain

राजस्थान महिला आयोग की वर्तमान में अध्यक्ष कौन है?

(1) तारा भंडारी (2) ममता शर्मा

(3) यासमीन अबरार (4) लाड़ कुमारी जैन

49. Who is the present chairman of Rajasthan Cricket Association ?

(1) C. P. Joshi (2) Sanjay Dixit

(3) Mahesh Joshi (4) Raghu Sharma

वर्तमान में राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कौन है?

(1) सी. पी. जोशी (2) संजय दीक्षित

(3) महेश जोशी (4) रघु शर्मा

50 The Governor of Gujarat at present who belongs to Rajasthan is :

(1) Smt. Kamla (2) Smt. Tara Bhandari

(3) Smt. Pratibha Singh (4) Smt. Mamta

वर्तमान में गुजरात की गवर्नर जो राजस्थान से सम्बन्धित हैं?

(1) श्रीमती कमला (2) श्रीमती तारा भंडारी

(3) श्रीमती प्रतिभा सिंह (4) श्रीमती ममता

51 Which one of the following ocean is located at North Pole ?

(1) Pacific Ocean (2) Indian Ocean

(3) Arctic Ocean (4) Atlantic Ocean

निम्नलिखित में से कौन-सा एक महासागर उत्तरी ध्रुव पर स्थित है?

(1) प्रशान्त महासागर (2) हिन्द महासागर

(3) आर्कटिक महासागर (4) अटलान्टिक महासागर

52 The global wind system is controlled by :

(1) Pressure Belts (2) Ocean Currents

(3) Rainfall (4) Relief

वैश्विक वायु प्रक्रम नियन्त्रित होता है :

(1) वायुदाब की पेटियों द्वारा (2) सामुद्रिक धाराओं द्वारा

(3) वर्षा द्वारा (4) उच्चावच द्वारा

53 The environmental problem associated with aridity is :

(1) Climatic change (2) Desertification

(3) Water pollution (4) Green House effect

शुष्कता से सम्बन्धित पर्यावरणीय समस्या है :

(1) जलवायु परिवर्तन (2) मरुस्थलीकरण

(3) जल प्रदूषण (4) हरित गृह प्रभाव

54 The direct impact of globalization is seen on :

(1) Agricultural development (2) Mining

(3) Urbanisation (4) Foreign trade

वैश्वीकरण का प्रत्यक्ष प्रभाव देखा जा सकता है :

(1) कृषि विकास पर (2) खनन पर

(3) नगरीकरण पर (4) विदेशी व्यापार पर

55 The largest continent of the world is :

(1) Africa (2) Asia

(3) North America (4) Europe

विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है :

(1) अफ्रीका (2) एशिया

(3) उत्तरी अमेरिका (4) यूरोप

56 Which one of the following country shares the longest land boundary with India ?

(1) Pakistan (2) Nepal

(3) Bangladesh (4) Myanmar

निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सर्वाधिक लम्बी स्थलीय सीमा है ?

(1) पाकिस्तान (2) नेपाल

(3) बंगलादेश (4) म्यांमार

57 Which one of the following is not a river of Peninsular India ?

(1) Godawari (2) Kosi

(3) Kaveri (4) Mahanadi

निम्न में से कौन–सी एक प्रायद्वीपिय भारत की नदी नहीं है?

(1) गोदावरी (2) कोसी

(3) कावेरी (4) महानदी

58 The Monsoon system of India is controlled by :

(1) Jet Stream (2) Temperature Conditions

(3) Cyclones (4) Ocean Currents

भारत की मानसून प्रक्रिया नियंत्रित होती है :

(1) जेट स्ट्रीम द्वारा (2) तापमान की दशाओं द्वारा

(3) चक्रवातों द्वारा (4) सामुद्रिक धाराओं द्वारा

59 Green Revolution is associated with :

(1) Forest development (2) Resource development

(3) Agricultural development (4) Livestock development

हरित क्रांति सम्बन्धित है :

(1) वन विकास से (2) संसाधन विकास से

(3) कृषि विकास से (4) पशु विकास से

60 Which one of the following state is the largest production of Tobacco in India ?

(1) Tamil Nadu (2) Kerala

(3) Maharashtra (4) Gujarat

निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य भारत में तम्बाकू का सर्वाधिक उत्पादक है ?

(1) तमिलनाडु (2) केरल

(3) महाराष्ट्र (4) गुजरात

61 Who is regarded as architect of foreign policy of India ?

(1) Jawaharlal Nehru (2) B. R. Ambedkar

(3) Mahatma Gandhi (4) Inder Kumar Gujaral

भारतीय विदेश नीति का शिल्पकार किसे कहा है ?

(1) जवाहरलाल नेहरू (2) बी. आर. अम्बेडकर

(3) महात्मा गाँधी (4) इन्द्र कुमार गुजराल

62 Basic feature of Indian foreign policy is :

(1) Non Alignment (2) Neutrality

(3) Isolationism (4) Alignment to Superpowers

भारतीय विदेशनीति का प्रमुख लक्षण है :

(1) गुट निरपेक्षता (2) तटस्थता

(3) अलगाववाद (4) महाशक्तियों से संलग्नता

63 What changes are marked at the global level after disintegration of USSR ?

(1) Unipolar world

(2) Bipolar

(3) Tripolar

(4) Hegemony of the third world countries

वैश्विक स्तर पर सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् क्या प्रमुख परिवर्तन चिह्नित किया गया ?

(1) एक ध्रुवीय विश्व

(2) द्वि ध्रुवीय विश्व

(3) त्रि-ध्रुवीय विश्व

(4) तृतीय विश्व के देशों की प्राधान्यता

64 Where is the headquarter of South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) ?

(1) Islamabad (2) Bhutan

(3) Dhaka (4) Kathmandu

दक्षिण ऐशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ का मुख्य कार्यालय कहाँ है?

(1) इस्लामाबाद में (2) भूटान में

(3) ढाका में (4) काठमांडू में

65 United Nation's day is celebrated on :

(1) 4 October, 1945 (2) 10 December, 1945

(3) 10 October, 1945 (4) 24 October, 1945

संयुक्त राष्ट्रसंघ दिवस मनाया जाता है :

(1) 4 अक्टूबर, 1945 (2) 10 दिसम्बर, 1945

(3) 10 अक्टूबर, 1945 (4) 24 अक्टूबर, 1945

66 Which act made by the British Parliament established the office of the Governor - General ?

(1) Regulating Act of 1773

(2) Charter Act of 1833

(3) Government of India Act of 1858

(4) Indian Councils Act of 1909 (Morley-Minto Reforms)

ब्रिटिश संसद द्वारा निर्मित किस कानून ने गवर्नर–जनरल का पद स्थापित किया ?

(1) 1773 का रेग्युलेटिंग (व्यवस्थापन) कानून

(2) 1833 का चार्टर कानून

(3) 1858 का भारत सरकार कानून

(4) 1909 का भारतीय परिषद कानून (मिन्टो–मोर्ले सुधार)

67 Which act made by the British Parliament introduced dyarchy in the provinces ?

(1) Government of India Act of 1858
(2) Indian Councils Act of 1909 (Morley-Minto Reforms)
(3) Government of India Act of 1919 (Montford Reforms)
(4) Government of India Act of 1935

ब्रिटिश संसद द्वारा निर्मित किस कानून ने प्रान्तों में द्वैध शासन स्थापित किया ?

(1) 1858 का भारत सरकार अधिनियम
(2) 1909 का भारतीय परिषद कानून (मिन्टो–मोर्ले सुधार)
(3) 1919 का भारत सरकार अधिनियम (मांटफोर्ड सुधार)
(4) 1935 का भारत सरकार अधिनियम

68 On account of whose opposition the scheme of federation proposed in the Government of India Act of 1935 could not be implemented ?

(1) Jawaharlal Nehru, President of the Indian National Congress
(2) Mohammed Ali Jinnah, President of the Muslim League
(3) Rulers of the Indian States
(4) Governor-General Lord Linlithgow

1935 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा प्रस्तावित संघ शासन किसके विरोध के कारण लागू नहीं हो सका ?

(1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरु
(2) मुस्लिम लीग के अध्यक्ष मोहम्मद अली जिन्नाह
(3) देशी रियासतों के राजाओं
(4) गवर्नर–जनरल लार्ड लिनलिथगो

69 Which movement of Gandhiji was stopped due to Chauri Chaura violence ?

(1) Swadeshi and Boycott Movement
(2) Non-cooperation Movement
(3) Civil Disobedience Movement
(4) Quit India Movement

गाँधीजी का कौन–सा आन्दोलन चौरी चौरा हिंसा कांड के कारण ठप्प किया गया ?

(1) स्वदेशी व बहिष्कार आन्दोलन
(2) असहयोग आन्दोलन
(3) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(4) भारत छोड़ो आन्दोलन

70 Which movement of Gandhiji is also known by the name of Salt Satyagraha ?

(1) Champaran Satyagraha

(2) Kheda Satyagraha

(3) Non cooperation Movement

(4) Civil Disobedience Movement

गाँधीजी के किस आन्दोलन को नमक सत्याग्रह भी कहते हैं ?

(1) चम्पारन सत्याग्रह

(2) खेड़ा सत्याग्रह

(3) असहयोग सत्याग्रह

(4) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

71 Who was the chairman of the Drafting Committee of the Constituent Assembly ?

(1) Sachidanand Sinha (2) Dr. Rajendra Prasad

(3) Dr B R Ambedkar (4) Jawaharlal Nehru

संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष कौन था ?

(1) सच्चिदानन्द सिन्हा (2) डा. राजेन्द्र प्रसाद

(3) डा. बी. आर अम्बेडकर (4) जवाहरलाल नेहरु

72 With which country India has borrowed the model of parliamentary form of government ?

(1) USA (2) Canada

(3) Britain (4) Australia

भारत ने किस देश से संसदीय शासन प्रणाली का प्रतिमान लिया है ?

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका से (2) कनाडा से

(3) ब्रिटेन से (4) आस्ट्रेलिया से

73 Which right occupies the second place in the list of Fundamental Rights ?

(1) Right to Freedom (2) Right to Religion

(3) Right to Equality (4) Right to Constitutional Remedies

मौलिक अधिकारों की सूची में दूसरा स्थान किस अधिकार को दिया गया है ?

(1) स्वतन्त्रता का अधिकार (2) धर्म का अधिकार

(3) समानता का अधिकार (4) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

74 Which right has been omitted from the list of Fundamental Rights ?

(1) Rights against exploitation

(2) Right to freedom of conscience

(3) Right to property

(4) Cultural and educational rights

कौन–सा अधिकार मौलिक अधिकारों की सूची में से निकाल दिया गया ?

(1) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(2) अन्तःकरण की स्वतन्त्रता का अधिकार

(3) सम्पत्ति का अधिकार

(4) सांस्कृतिक व शैक्षिक अधिकार

75 Where is mentioned right to work ?

(1) in the Preamble

(2) in Fundamental Rights

(3) in Directive Principles of State Policy

(4) in Fundamental Duties

काम के अधिकार का वर्णन कहाँ दिया गया है ?

(1) प्रस्तावना में

(2) मौलिक अधिकारों में

(3) राज–नीति के निर्देशक सिद्धान्तों में

(4) मौलिक कर्तव्यों में

76 Which constitutional amendment made it mandatory for the President to act according to the advice of his Council of Ministers ?

(1) First Amendment (2) Twenty-fourth Amendment

(3) Twenty-fifth Amendment (4) Forty-second Amendment

किस संवैधानिक संशोधन ने राष्ट्रपति को अपने मन्त्रिपरिषद् के परामर्शानुसार कार्य करने को अनिवार्य बना दिया ?

(1) पहला संशोधन (2) 24वां संशोधन

(3) 25वां संशोधन (4) 42वां संशोधन

77 How many ministers, including the Prime Minister, there may be at the most in proportion to the total membership of the Lok Sabha ?

(1) 10 per cent (2) 15 per cent

(3) 20 per cent (4) 25 per cent

केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद् में प्रधान मन्त्री सहित लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के अधिक से अधिक कितने प्रतिशत सदस्यगण हो सकते हैं ?

(1) 10 प्रतिशत (2) 15 प्रतिशत

(3) 20 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

78 With which country the framers of our Constitution have borrowed the idea of making a strong centre in the federal system ?

(1) USA (2) Canada

(3) Switzerland (4) Australia

हमारे संविधान–निर्माताओं ने संघ शासन में सबल केन्द्र बनाने का विचार किस देश के संविधान से लिया है ?

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका से (2) कनाडा से

(3) स्विट्जरलैंड से (4) आस्ट्रेलिया से

79 To whom the Union Council of Ministers is collectively responsible ?

(1) President (2) Parliament

(3) Lok Sabha (4) People

केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद् सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी है ?

(1) राष्ट्रपति (2) संसद

(3) लोकसभा (4) जनता

80 Which team of the leaders and their political parties is not properly matched ?

(1) Ajit Singh - Rashtriya Lok Dal

(2) Om Prakash Chautala - Indian National Lok Dal

(3) Lalu Prasad Yadav - Janata Dal

(4) Sharad Yadav - Janata Dal (United)

नेताओं व उनके दलों में कौन–सी टोली सुमेलित नहीं है ?

(1) अजीतसिंह – राष्ट्रीय लोक दल

(2) ओम प्रकाश चौटाला – भारतीय राष्ट्रीय लोक दल

(3) लालू प्रसाद यादव – जनता दल

(4) शरद यादव – जनता दल (संयुक्त)

81 Educational Psychology studies -

(1) soul in religious situations.

(2) human behaviour in educational situations.

(3) consciousness in unlimited situations.

(4) mind in intellectual situations.

शिक्षा मनोविज्ञान अध्ययन करता है –

(1) आत्मा का धार्मिक परिस्थितियों में ।

(2) मानव व्यवहार का शैक्षिक परिस्थितियों में ।

(3) चेतन्यता का असीमित परिस्थितियों में ।

(4) मस्तिष्क का बौद्धिक परिस्थितियों में ।

82 Which of the following statements is not correct ?

(1) Educational Psychology does not suggest us the ways to achieve the aims of education.

(2) The activities of Educational Psychology is not limited to class-room situations alone.

(3) Educational Psychology acquaints us with the abilities and limitations of the learner at the various stages of his growth.

(4) Educational Psychology establishes principles and laws of learning.

निम्न में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(1) शिक्षा मनोविज्ञान हमको शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के तरीकों के बारे में नहीं बतलाता है ।

(2) शिक्षा मनोविज्ञान की क्रियायें केवल कक्षा–कक्ष परिस्थितियों तक सीमित नहीं हैं ।

(3) शिक्षा मनोविज्ञान अधिगमकर्त्ता (learner) के विकास के विभिन्न स्तरों (stages) पर हमको उसकी योग्यताओं तथा सीमाओं (limitations) से परिचित कराता है ।

(4) शिक्षा मनोविज्ञान अधिगम के सिद्धान्तों एवं नियमों को स्थापित करता है ।

83 The study of educational psychology helps a teacher when -

(1) it makes the teacher careless towards children.

(2) it makes the teacher neglectful of Philosophy and Social Sciences.

(3) it avoid the required environment.

(4) it gives the teacher a scientific attitude towards laws and processes of learning.

शिक्षा मनोविज्ञान अध्यापक की मदद करता है जब –

(1) वह अध्यापक को बच्चों के प्रति लापरवाह बना देता है ।

(2) वह अध्यापक को दर्शनशास्त्र और सामाजिक विज्ञान के प्रति उपेक्षित (neglectful) बना देता है ।

(3) वह आवश्यक पर्यावरण को दूर रखता है ।

(4) वह अध्यापक को अधिगम के नियमों तथा प्रक्रियाओं के प्रति एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करता है ।

84 Here are given the pairs containing the schools of psychology concerning learning and their exponents. Indicate which pair is not correctly matched :

(1) Behaviourism - Watson and Guthrie

(2) Faculty Psychology - Wolff and Reid

(3) Gestalt Psychology - Thorndike and others

(4) Reinforcement - Hull and Skinner

अधिगम से सम्बन्धित मनोविज्ञान की विचारधाराओं (schools of psychology) एवं उनके प्रतिपादक (exponents) के जोड़े यहाँ दिये गये हैं । इंगित कीजिये कि कौन-सा जोड़ा (pair) सही मिलान का नहीं है :

(1) व्यवहारवाद (Behaviourism) – वाट्सन एवं गुथरी

(2) फेकल्टी मनोविज्ञान (Faculty Psychology) – वुल्फ एवं रीड

(3) गैस्टॉल्ट मनोविज्ञान – थार्नडाइक एवं अन्य

(4) पुनर्बलन (Reinforcement) – हल एवं स्किनर

85 The process through which a person learns to behave by mutual dependence for human welfare is -

(1) Socialization (2) Linguistic Development

(3) Individual Values (4) Social Maturity

जिस प्रक्रिया से व्यक्ति मानव–कल्याण के लिये परस्पर निर्भर रहकर (होकर) व्यवहार करना सीखता है, वह प्रक्रिया है –

(1) सामाजीकरण (2) भाषा विकास

(3) वैयक्तिक मूल्य (4) सामाजिक परिपक्वता

86 Below are given the pairs of Theories of Learning and their exponents. Indicate which pair is not correctly matched :

(1) Conditioning Responses - Wolff and Reid

(2) Insight Theory - Wortheimar and Kohler

(3) Stimulus-Response - Thorndike, Gates, Stephens

(4) Reinforcement - Hull and Skinner

नीचे अधिगम के सिद्धान्तों और उनके प्रतिपादकों के जोड़े दिये गये हैं । इंगित कीजिये कि किस जोड़े का मिलान सही नहीं है :

(1) अनुकूलन / अनुबन्ध अनुक्रिया – वुल्फ एवं रीड

(2) अन्तःदृष्टि – सूझ का सिद्धान्त – वर्दीमर एवं कोहलर

(3) उद्दीपन अनुक्रिया सिद्धान्त – थार्नडाइक एवं अन्य

(4) पुनर्बलन सिद्धान्त – हल एवं स्किनर

87 "Transfer refer to the transfer of knowledge, training and habits acquired in one situation to another situation". This statement regarding transfer of training (learning) belongs to -

(1) Crow and Crow (2) Peterson

(3) Sorenson (4) Charles Judd

"स्थानान्तरण एक परिस्थिति में अर्जित ज्ञान, प्रशिक्षण और आदतों का किसी दूसरी परिस्थिति में स्थानान्तरण किये जाने की चर्चा करता है ।" प्रशिक्षण (अधिगम) के स्थानान्तरण के बारे में यह कथन सम्बन्धित है –

(1) क्रो एवं क्रो (2) पीटरसन

(3) सौरैन्सन (4) चार्ल्स जूड

88 During Adolescence, the bone grow much. These are -

(1) Bones of arms and legs

(2) Hip bones only

(3) Bones of the face

(4) Bones of face, arms and legs

किशोरावस्था में हड्डियों में अधिक वृद्धि होती है । ये हड्डियाँ होती है –

(1) भुजाओं और टाँगों की हड्डियाँ

(2) केवल कूल्हे की हड्डियाँ

(3) चेहरे की हड्डियाँ

(4) चेहरे, भुजाओं तथा टाँगों की हड्डियाँ

89 For the emotional development of his pupil, the teacher should -

(1) try to usurp the place of pupil's parents.

(2) develop love and affection for his pupil.

(3) take a loveable attitude towards the mischief of the pupil.

(4) show favours to few selected pupils.

अपने शिष्य के संवेगात्मक विकास के लिये अध्यापक को चाहिये कि –

(1) वह शिष्य के माता–पिता का स्थान हड़पने की कोशिश न करे ।

(2) वह अपने शिष्य के प्रति प्रेम तथा स्नेह विकसित करे ।

(3) वह अपने शिष्य की शरारत के प्रति भी प्रेम का रवैया अपनाये ।

(4) अपने कुछ चुनिंदा शिष्यों के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करे ।

90 "Intelligence is the faculty to understand the complicated relationship between different things and ideas." This theory of intelligence has been propounded by -

(1) Spearman (2) Thorndike

(3) Binet and Simon (4) Thurstone

"विभिन्न वस्तुओं और विचारों के बीच जटिल सम्बन्धों को समझने की मानसिक क्षमता ही बुद्धि है ।" बुद्धि का यह सिद्धान्त प्रतिपादित करने वाले हैं –

(1) स्पीअरमैन (2) थार्नडाइक

(3) बिने और साइमन (4) थर्स्टन

91 By encouraging the students to analyse the future consequences of some problems the negative effect concerning creativity on them will be

(1) Their powers of imagination will be developed

(2) Their faculty of taking judgement will be developed

(3) Distressed to make any further progress in their life

(4) Helpful to them in expressing their ideas concerning creativity in them

विद्यार्थियों को किसी समस्या के भावी परिणामों का विश्लेषण करने के लिये उत्साहित करके, उन पर सृजनशीलता से सम्बन्धित प्रभाव होता –

(1) उनकी कल्पना शक्ति विकसित होगी ।

(2) उनके निर्णय करने की क्षमता विकसित होगी ।

(3) अपने जीवन में आगे कोई उन्नति करने के लिये दुःखी होंगे ।

(4) अपने स्वयं में सृजनशीलता से सम्बन्धित अपने विचार व्यक्त करने में उनके लिये सहायक होंगे ।

92 To develop creativity in a child, the teacher should not

(1) restrict the activities of the child

(2) respect the views of the child.

(3) satisfy the anxieties of the child

(4) lead the child to novel thinking.

किसी बच्चे में सृजनशीलता विकसित करने के लिये अध्यापक को नहीं करना चाहिये

(1) बच्चे की क्रियाओं को प्रतिबन्धित करना ।

(2) बच्चे के विचारों का सम्मान करना ।

(3) बच्चे की उत्कण्ठा / जिज्ञासा को सन्तुष्ट करना ।

(4) बच्चे को अपूर्व चिन्तन की दिशा में ले जाना ।

93 Which of the following statements is not correct ?

(1) Every individual, high or low has some seeds of creativity in him.

(2) There is a distant relationship between creativity and maturity.

(3) A child should be given opportunity for the solution of some problem.

(4) Originality is creativity.

निम्न कथनों में से कौन–सा सही नहीं है ?

(1) ऊँचे या नीचे, प्रत्येक व्यक्ति में सृजनशीलता के बीज होते हैं ।

(2) सृजनशीलता और परिपक्वता के बीच दूर का ही सम्बन्ध है ।

(3) किसी समस्या को हल करने के लिये बच्चे को अवसर दिया ही जाना चाहिये ।

(4) मौलिकता ही सृजनशीलता है ।

94 Which of the following is not a test to assess creativity in children ?

(1) Completing or writing a story on an incomplete figure or picture.

(2) Writing a multiplication table.

(3) To arrange things in a new order.

(4) Completing the fiture within given limits of a circle.

बच्चों में 'सृजनशीलता' का मापन करने के लिये निम्न में से कौन–सा एक परीक्षण (test) नहीं है ?

(1) किसी अधूरे आकृति या चित्र पर एक कहानी लिखना या पूरी करना ।

(2) पहाड़ा लिखना ।

(3) वस्तुओं को एक नये (नवीन) क्रम में व्यवस्थित करना ।

(4) किसी वृत्त की दी हुई सीमाओं के अन्तर्गत आकृति को पूरा करना ।

95 An extrovert is -

(1) A man of reserve nature and little activity.

(2) A man of submissive nature and who is easily embarrassed.

(3) A man always thinking about his ownself.

(4) Dominant and not easily embarrassed.

बहिर्मुखी व्यक्तित्व होता है –

(1) केवल अपने में समाये रहने वाला कम क्रियाशील व्यक्ति ।

(2) विनम्र स्वभाव वाला व्यक्ति और जो शीघ्र ही परेशान होने लगता है ।

(3) व्यक्ति जो हमेशा अपने स्वयं के बारे में सोचता रहता है ।

(4) प्रबल व्यक्ति जो सरलता से परेशान हो जाने वाला नहीं ।

96 For assessment of personality of an individual, the subjective method is -

(1) Controlled observation

(2) Appraisal of personal qualities

(3) Biography, self history and autobiography

(4) Psychological changes of personality

किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व के मापन के लिये, व्यक्तिनिष्ठ विधि है –

(1) नियंत्रित निरीक्षण विधि

(2) वैयक्तिक गुणों का मूल्यांकन

(3) जीवन कथा या व्यक्तिवृत विधि या आत्म कथा विधि

(4) व्यक्तित्व में मनोवैज्ञानिक परिवर्तन

97 According to Erikson, you cannot have personality adjustment if you -

(1) are incapable of controlling yourself.

(2) are competent and industrious.

(3) are capable of taking a responsibility.

(4) trust yourself and trust others.

एरिक्सन के अनुसार आप अपना व्यक्तित्व समायोजन नहीं कर सकते, यदि आप –

(1) अपने आपको नियंत्रित करने में असमर्थ हैं ।

(2) समर्थ / योग्य एवं परिश्रमी हैं ।

(3) कोई उत्तरदायित्व वहन करने में असमर्थ हैं ।

(4) स्वयं पर एवं दूसरों पर विश्वास करते हैं ।

98 Point out the correct sequence concerning 'motivation' :

(1) Drive - Need - Incentive

(2) Incentive - Need - Drive

(3) Need - Drive - Incentive

(4) Need - Incentive - Drive

'अभिप्रेरणा' से सम्बन्धित सही क्रम इंगित कीजिये :

(1) प्रणोद (Drive) – आवश्यकता (Need) – प्रोत्साहन (Incentive)

(2) प्रोत्साहन – आवश्यकता – प्रणोद

(3) आवश्यकता – प्रणोद – प्रोत्साहन

(4) आवश्यकता – प्रोत्साहन – प्रणोद

99 On the basis of individual differences, Parkhurst propounded for chi' lren -

(1) Dalton Plan

(2) Winnetka Plan

(3) Project Method

(4) Play Method

वैयक्तिक विभिन्नताओं के आधार पर पार्कहर्स्ट (Parkhurst) ने बालकों के लिये दी शिक्षा–पद्धति –

(1) डाल्टन प्लान

(2) विनेटका प्लान

(3) प्रोजैक्ट मैथड

(4) प्ले मैथड

100 To sustain the interest of the students the lesson -

(1) The matter to be taught to the child should neither too easy nor too difficult.

(2) The teacher should make inadequate use of audio-visual aid.

(3) The goals should be kept clearly before the students.

(4) The new knowledge to be given to the children should be based on knowledge already possessed by the children.

पाठ में विद्यार्थियों की रुचि बनाये रखने के लिये –

(1) बच्चे को दिया जाने वाला ज्ञान न तो बहुत सरल होना चाहिये और न बहुत कठिन ।

(2) अध्यापक को श्रव्य–दृश्य सामग्री (audio-visual aid) का अपर्याप्त प्रयोग करना चाहिये ।

(3) विद्यार्थियों के समक्ष लक्ष्य स्पष्ट रूप में रखा जाना चाहिये ।

(4) बच्चों को दिया जाने वाला नया ज्ञान बच्चों द्वारा पूर्व में प्राप्त किये ज्ञान पर आधारित होना चाहिये ।